कार्यालय पुलिस नियंत्रण कक्ष आयुक्तालय जोधपुर

प्रेस–नोट
(दिनांक 12.03.2024)
आयुक्तालय जोधपुर

आगामी लोकसभा चुनाव को मध्य नजर श्रीमान् राजेंद्रसिंह पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार दिनांक 11.03.2024 को वक्त 04.00 पीएम से पुलिस आयुक्तालय जोधपुर क्षेत्र में होटल / ढाबा चेकिंग अभियान चलाया गया

होटल / ढाबा चेकिंग अभियान सुपरविजन अधिकारी सहायक पुलिस आयुक्त के नेतृत्व में समस्त थाना अधिकारी अपने अपने थाना क्षेत्र में स्थित होटल / ढाबा का चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें होटल मालिकों के नाम, पता, संपर्क सूत्र, कब से संचालित है, कितने व्यक्ति काम करते हैं, पार्किंग व्यवस्था की पर्याप्त जगह है या नहीं तथा एसीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं या नहीं आदि जानकारी जुटाकर सूची तैयार की गई। चेकिंग अभियान के तहत शराब / मादक पदार्थ एवं अन्य गैरकानूनी गतिविधियों की शिकायत वाले होटल / ढ़ाबों को विशेष रूप से चैकिंग कर कानूनी कार्यवाही की गई।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशों की पालना में पुलिस आयुक्तालय जोधपुर के समस्त थाना क्षेत्रों में दौराने होटल / ढाबा चैकिंग अभियान में कुल 284 होटल ढाबा चेक किए गए इस दौरान थाना डांगियावास क्षेत्र में लिखमा होटल में 640 ग्राम अवैध डोडा पोस्ट पाए जाने पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

लोकसभा चुनाव 2024 को मध्यनजर सभी होटल / ढाबा के मालिक / संचालकों को पाबंद किया गया कि सीसीटीवी कैमरे नहीं है वहां कैमरे लगावे तथा पार्किंग स्थल की प्रर्याप्त व्यवस्था रखें। अपने–अपने होटल / ढाबों मे कार्यरत कर्मचारियों का पुलिस चरित्र सत्यापन आवश्यक रूप से करवाऐगें। किसी भी प्रकार की गैर कानूनी गतिविधि संचालित नहीं करेंगे तथा संदिग्ध व्यक्ति या वाहन की जानकारी होने पर तुरंत संबंधित पुलिस थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष 100/112 पर आवश्यक रूप से सूचित करेंगे।

प्रभारी

पुलिस नियंत्रण कक्ष,
आयुक्तालय जोधपुर।



12-Mar-24